हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
30 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
22

खबर संक्षेप

हत्या का प्रयास, फरार आरोपी गिरफ्तार

भिलाई। हत्या के प्रयास मामले में लंबे समय से फरार चल रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि हनुमान जयंती के भंडारा व प्रसाद वितरण के दौरान हुए विवाद में युवक पर धारदार हथियार से हमला कर फरार होने वाले अवंती बाई चौक के पास, पुरानी बस्ती कोहका निवासी सौरभ उर्फ लालु मेश्राम को पकड़ा गया है। प्रकरण के दो अन्य आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर चूकी है। घटना की शिकायत भरत गिरी ने पुलिस से किया था। घटना 12 अप्रैल 2025 की रात 8:45 बजे भंडारा एवं प्रसाद वितरण को लेकर विवाद हुआ था। तभी पीड़ित और अन्य लोग प्रसाद वितरण कर रहे थे। तभी चिन्ना उर्फ सचिन सोनकर, सौरभ उर्फ लालु मेश्राम,आकाश केसरवानी पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए विवाद कर रहे थे। विवाद के बाद संदीप बघेल के मना करने पर आकाश केसरवानी ने उसके साथ मारपीट किया। तभी सौरभ उर्फ लालु मेश्राम ने धारदार चाकू से संदीप बघेल पर हमला कर दिया था।

मौसम : जिले में अब तक 691 मिमी औसत बारिश

तूफान और बारिश से धरती से लिपटी धान की फसल



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

मौसम के बदले मिजाज ने जिले में किसानों की चिंता बढ़ा दी है। अर्नब तूफान के प्रभाव से बुधवार शाम से शुरू हुआ बारिश और हवा का दौर गुरुवार को भी जारी रहा। कहीं रिमझिम फुहारें तो कहीं तेज बारिश ने जनजीवन की रफ्तार धीमी कर दी।

- कटाई के लिए तैयार अर्ली वैरायटी धान पर संकट

सबसे ज्यादा परेशानी उन किसानों के सामने खड़ी हो गई है, जिनकी अर्ली वैरायटी धान की फसल पककर कटाई के लिए तैयार है। तेज हवाओं और बारिश के बीच खेतों में खड़ी धान की फसल के गिरने से नुकसान की आशंका बढ़ गई है। जिस फसल को देखकर किसान अच्छी उपज की उम्मीद लगाए बैठे थे, उसी फसल को अब मौसम की मार से बचाने की चिंता सता रही है। ⏭ शेष पेज 11 पर

स्कूलों में अवकाश, कार्यालयों में भी कम रही हलचल

खराब मौसम के मद्देनजर प्रशासन द्वारा स्कूलों में अवकाश घोषित किए जाने से विद्यार्थियों की नियमित शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित हुईं। दूसरी ओर, सरकारी कार्यालयों में भी सामान्य दिनों की तुलना में कम चहल-पहल दिखाई देने की जानकारी सामने आई। हालांकि, कार्यालयों में कर्मचारियों की उपस्थिति और कामकाज की वास्तविक स्थिति के संबंध में अलग से आधिकारिक पुष्टि उपलब्ध नहीं है। मौसम की ⏭ शेष पेज 11 पर

अब मौसम खुलने का इंतजार फसल बचाने की चुनौती

तूफान के प्रभाव से बदले मौसम ने जिले में खेती-किसानी के सामने नई चुनौती खड़ी कर दी है। एक ओर किसान कटाई के लिए तैयार धान को सुरक्षित रखने की चिंता में हैं, तो दूसरी ओर आम नागरिक बारिश के कारण प्रभावित हो रही दिनचर्या से जूझ रहे हैं। आने वाले दिनों में मौसम की स्थिति किसानों के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। यदि बारिश का दौर जल्द थमता है और खेतों में अनुकूल स्थिति बनती है, तो किसान कटाई का काम आगे ⏭ शेष पेज 11 पर

कटाई के ऐन वक्त पर मौसम ने बढ़ाई मुश्किलें

जिले में इस समय धान की फसल किसानों के लिए सबसे महत्वपूर्ण है। अर्ली वैरायटी की धान पककर तैयार हो रही है और किसान कटाई की तैयारी में जुटे हुए हैं। ऐसे समय में लगातार बारिश और तेज हवा का चलना फसल के लिए चुनौती बन गया है। खेतों में खड़ी फसल के जमीन पर लेट जाने से कटाई में परेशानी हो सकती है। यदि खेतों में पानी जमा होता है या बारिश लंबे समय तक जारी रहती है, तो फसल की गुणवत्ता प्रभावित होने और कटाई में देरी की आशंका भी बढ़ सकती है। किसानों के सामने सबसे बड़ी चुनौती तैयार फसल को सुरक्षित घर तक पहुंचाने की है। बारिश थमने और खेतों के अनुकूल होने का इंतजार कर रहे किसानों को अब मौसम साफ होने की उम्मीद है। हालांकि, वास्तविक नुकसान का आकलन खेतों की स्थिति और बारिश का दौर थमने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

SANJAY RUNGTA GROUP OF INSTITUTIONS
KOHKA-KURUD, BHILAI
EXCELLENCE GUARANTEE
PROUD TO ANNOUNCE
BEST PRIVATE DENTAL COLLEGE IN CENTRAL INDIA
with 'A' Grade accredited by NAAC
RUNGTA COLLEGE OF DENTAL SCIENCES & RESEARCH
(Under The Aegis of Sanjay Rungta Group of Institutions)
Outlook-ICARE Rankings 2026
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA & 16th AMONGST DENTAL COLLEGES IN INDIA has been RANKED
1st AMONGST PRIVATE DENTAL COLLEGES IN CENTRAL INDIA has been RANKED
By Outlook
By INDIA TODAY
REGISTRATION OPEN
ONLY FEW SEATS LEFT
AC CLASS ROOMS
BDS | MDS
BEST FACULTY • BEST INFRASTRUCTURE • BEST RESULTS
Only college in CENTRAL INDIA offering MDS in ALL 9 specialization
1. Prosthodontics & Crown and Bridge
2. Periodontology
3. Orthodontics & Dentofacial Orthopedics
4. Conservative Dentistry and Endodontics
5. Paediatrics & Preventive Dentistry
6. Oral & Maxillofacial Surgery
7. Oral Pathology & Microbiology
8. Oral Medicine & Radiology
9. Public Health Dentistry
www.rungtacolleges.com
@rungtacolleges
ADMISSION HELP LINE : 9229 111 555, 92293 44402

Video Shopping www.shreeshivam.com
दिल से दिवाली,
हर रिश्ते के लिए!
ख़ास FESTIVE COLLECTION
MEN | WOMEN | KIDS WEAR
Midnight Shopping
FRIDAY • SATURDAY • SUNDAY
CENTRAL INDIA'S LARGEST FAMILY FASHION STORE
SHREE SHIVAM
THE TOGETHERNESS STORE
रायपुर: जीवन बीमा मार्ग, पंडरी • बिलासपुर: अग्रसेन चौक, लिंक रोड • दुर्ग: संतरा बाड़ी, स्टेशन रोड
अधिक जानकारी के लिए, कॉल करें: 72229-55555
RAIPUR • BILASPUR • DURG • NAGPUR • BHOPAL • JABALPUR • CHHINDWARA

भिलाई संयंत्र स्कूलों के प्रतिभावान विजेता बच्चों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 में खेल प्रतिभा सम्मान समारोह

भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों के विजेता और पदक प्राप्त विद्यार्थियों के सम्मान में भिलाई निवास में खेल प्रतिभा सम्मान समारोह हुआ। कार्यपालक निदेशक पवन कुमार के मुख्य आतिथि थे। इस अवसर पर संयंत्र के विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-10 के विद्यार्थियों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा अतिथियों का पौधे भेंट कर स्वागत किया। महाप्रबंधक व विभाग प्रमुख शिखा दुबे ने कहा कि खेल शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक दृढ़ता, अनुशासन एवं सामुदायिक भावना के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मुख्य अतिथि ने कहा कि खिलाड़ियों की उपलब्धियों ने विद्यालयों, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं प्रदेश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम व लगन के साथ उत्कृष्टता के नए शिखर प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने खेलों को टीम भावना, नेतृत्व क्षमता एवं उत्तम स्वास्थ्य के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। जीएम प्रभारी एबी श्रीनिवास ने खेल समन्वयकों, विद्यालय प्रमुखों एवं खेल शिक्षकों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। पूर्व ओलंपिक खिलाड़ी और अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित उप महाप्रबंधक राजेन्द्र प्रसाद ने खिलाड़ियों ने कहा कि खेल जीवन की चुनौतियों का सामना करने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित करने का सशक्त माध्यम हैं।



कई खिलाड़ियों को मिले स्वर्ण व रजत पदक

सत्र 2025-2026 के दौरान 150 विद्यार्थियों ने ब्लॉक, जिला, संभाग, प्रादेशिक, राष्ट्रीय शालेय एवं खुली राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लिया। खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अनेक पदक अपने नाम किए। राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण, 3 रजत एवं 1 कांस्य पदक सहित कुल 9 पदक अर्जित किए। वहीं, खुली राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 4 स्वर्ण एवं 3 कांस्य पदक जीतकर कुल 7 पदक हासिल किए।राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 9 खिलाड़ियों ने सहभागिता की तथा 3 स्वर्ण, 1 रजत एवं 1 कांस्य पदक सहित कुल 5 पदक जीते। खुली राष्ट्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने 5 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कांस्य पदक सहित कुल 8 पदक हासिल किए।खेल प्रभारी शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान भिलाई विद्यालय,की छात्रा सृष्टि साव तथा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर-7 की छात्रा सृष्टि मिश्रा ने भाषण और सेक्टर-7 के विद्यार्थियों ने योग प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का संचालन संचालन व्याख्याता सुनीता अनिल वासुदेवन तथा वरिष्ठ शिक्षिका महुवा चटर्जी और सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 10 की प्राचार्य सुमिता सरकार ने किया।

खबर संक्षेप



कोक ओवन बैटरी -8 में कोक पुशिंग हुई शुरु

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में पुनर्निर्मित बैटरी क्रमांक-8 से 28 अक्टूबर 2026 को प्रथम कोक पुशिंग सफलतापूर्वक की गई। इसके साथ ही कोक उत्पादन प्रक्रिया की पुनः शुरु हो गई। कार्यक्रम में कार्यकारी निदेशक प्रभारी और कार्यपालक निदेशक ए के चक्रवर्ती, पवन कुमार, पीके सरकार, राकेश कुमार, कमल भास्कर, तुलाराम बेहेरा तथा सजीव वर्गीस सहित संयंत्र के अन्य मुख्य महाप्रबंधकव वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। पुनर्निर्मित बैटरी में पर्यावरण अनुकूल तकनीकी उपायों को शामिल किया गया है, जिसके अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण, ऊर्जा दक्षता एवं जल संरक्षण को विशेष प्राथमिकता दी गई है। गैस उत्सर्जन को न्यूनतम करने के उद्देश्य से जीरो लीकेज डोर लगाए गए हैं, वहीं गैस मिक्सिंग स्टेशन के माध्यम से ऊर्जा खपत के प्रबंधन तथा न्यूमेटिक सील्ड कैप्स के उपयोग से जल खपत को नियंत्रित किया जा सकेगा। बैटरी क्रमांक-8 से प्रथम कोक पुशिंग से पर्यावरण में सफलता मिलेगी।

'जीना यहां, मरना यहां' पर प्रस्तुति ने जीता सबका दिल

भिलाई। कला, संस्कृति और संगीत के रंगों से सजे भिलाई के एसएनजी सेक्टर-4 में देश राग 21वें ऑल इंडिया फेस्टिवल एंड कॉम्पिटिशन ऑफ आर्ट एंड कल्चर का आयोजन जारी है। इस आयोजन में देश के अलग-अलग हिस्सों से पहुंचे कलाकार अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। मंच पर कहीं भारतीय शास्त्रीय नृत्य की मनमोहक छटा दिखाई दे रही है, तो कहीं लोक नृत्य, बॉलीवुड प्रस्तुतियों और संगीत की मधुर धुनों से दर्शक मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। नृत्यधाम कला समिति भिलाई के इस आयोजन में 73 वर्षीय ईटी सतीशन की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही। ईटी सतीशन ने सदाबहार गीत 'जीना यहां, मरना यहां' पर शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। उम्र के इस पड़ाव पर भी मंच के प्रति उनका उत्साह और गीत के प्रति उनका जुड़ाव लोगों को प्रभावित कर गया। उनकी प्रस्तुति ने कार्यक्रम में मौजूद दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा। यह प्रस्तुति इस बात का सुंदर उदाहरण बनी कि कला के प्रति लगन और अभिव्यक्ति का जज्बा उम्र का मोहताज नहीं होता। फेस्टिवल में भारतीय कला और संस्कृति की विविधता देखने को मिल रही है।

टाउनशिप और निगम क्षेत्र के कई जगह अंधेरे में हैं डूबे

शहर के कई इलाकों में अंधेरे के साये में मनेगी दिवाली, सैकड़ों स्ट्रीट लाइटें हो गई हैं खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

यूनियनों व पार्षदों ने बीएसपी व निगम से की जल्द सुधारने की मांग

शहर के कई वार्डों के व्यस्ततम और रिहायशी क्षेत्रों में इस साल रौशनी का त्योहार दीपावली अंधेरे के साये में मनेगा। बीएसपी टाउनशिप और पटरीपार नगर निगम के इलाकों में कई बस्तियों और सड़कों तथा चौराहों की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। त्योहार नजदीक होने के बाद भी बीएसपी और नगर निगम दोनों ही उदासीन बने हुए हैं। यूनियनों और पार्षदों ने दिवाली के जगह जगह बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को सुधारने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि दीपावली के के पर्व के लिए मात्र दस दिन बाकी हैं। लेकिन अब तक शहर में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने को लेकर जिम्मेदार एजेंसियां बेखबर बने हुई हैं। विभिन्न वार्डों में करीबन ती सौ से अधिक स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। सेक्टरी इलाके और पटरीपार के पार दोनो क्षेत्रो के बस्तियों और कालोनियों में जगह जगह स्ट्रीट लाइट बंद या टिमटिमा रही है। वहीं कई व्यस्ततम और अंदरुनी सड़कों और पब्लिक प्लेस में भी कई जगह लाइट खराब है। अंधेरे के कारण भीड़भाड़ वाल क्षेत्रों, सड़कों और सूनसाने जगहों पर छिटपुट दुर्घटनाएं बढ़ने के साथ लोगों को कई तरह की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश में गाड़ी गड्ठों में पानी भर जाने से दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। कई बार पार्षदों, यूनियनों और कालोनीवासियों द्वारा बीएसपी व भिलाई निगम व रिसाल से मांग किए जाने के बाद भी बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटो के सुधारने की जहमत नहीं उठाई जा रही है।



सुनसान स्थानों में वारदातें बढ़ीं

टाउनशिप मे सर्वाधिक बंद स्ट्रीट लाइट सेक्टर 6, सेक्टर 7, 8 और रिसाली व रुआबांध सेक्टर में हैं। सेक्टर 6 मार्केट व बंद बीएसपी हायर सेकंडरी स्कूल के निकट दर्जनभर स्ट्रीट लाइट बंद है। सेक्टर 7 में सेक्टर 6 ई मार्केट के निकट, सड़क दस और सड़क 35 और कल्याण कालेज रोड पर भी लाइट टिमटिमा रही है या फिर लंबे समय से बंद है। रिसाली आजाद मार्केट व मैत्रीबाग रोड और सेंटथामस कालेज रोड पर भी स्ट्रीट लाइट बंद होने से दुर्घटनाएं और अराजक घटनाएं हो रही हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि स्ट्रीट लाइट सुधारना या बदलना बीएसपी ने बंद कर दिया है। दिवाली पूर्व जल्द सुधारा जाए। इसी तरह पटरीपार निगम क्षेत्र में आकाशगंगा सब्जी मंडी तिराहे, कांट्रेक्टर कालोनी चौक, अंडा चौक और बापूनगर तिराहा खुर्सीपार और नंदिनी रोड पुलिस लाइन में स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं।

बारिश में गड्ठों से बढ़ी दुर्घटनाएं

अंधेरे से शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों और सड़कों पर स्ट्रीट लाइट खराब होने से जहां वाहन चलाना मुश्किल और दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं वहीं अराजक और आपराधिक घटनाओं में भी वृद्धि हो रही है। आज बुधवार को बारिश के कारण गैराज रोड में अंडरब्रिज तिराहे के निकट गड्ठो में पानी भर जाने से रात दोपहिया चालक स्लिप होने से घायल हो गया। सुपेला अस्पताल गली में भी अंधेरे में स्कूटी सवार युवती गाय से टकराकर चोटिल हो गई। क्षेत्रवासियों ने बताया कि स्ट्रीट लाइटें बंद होने से अंधेरे का फायदा उठाकर अराजक तत्व असामाजिकत घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। बोरसी रोड तालपुरी कालोनी मोड़ छिनताई व छेड़छाड़ का अराजक प्वाइंट बन गया है। इसके निकट कुछ साल पूर्व एक स्कूटी सवार युवती का मर्डर भी हो चुका है। सूनसान स्थानों में चेन स्नेचिंग, छेड़छाड़ और चोरी की वारदातें हो रही हैं। रहवासियों ने दिवाली पूर्व भिलाई व रिसाली निगम तथा बीएसपी से सभी स्ट्रीट लाइटों को सुधारने की मांग की है।

छत्तीसगढ़ सरकार के फैसले जनहित में ऐतिहासिक : विधायक चंद्राकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में लिए गए जनहितकारी निर्णयों का स्वागत करते हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने इन्हें ऐतिहासिक और सराहनीय बताया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की समृद्धि, आम नागरिकों को आर्थिक राहत और शासकीय सेवकों के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए सुशासन एवं जनकल्याण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।



■ 15 नवंबर से शुरू होगी धान खरीदी, 3100 रुपए मिलेगा प्रति क्विंटल

विधायक ललित ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ करने का निर्णय किसानों के लिए महत्वपूर्ण है। प्रदेश के 27.50 लाख से अधिक किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से अधिकतम 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदा जाएगा। डिजिटल क्रॉप सर्वे से रकबे का ऑनलाइन निर्धारण और बायोमेट्रिक आधारित धान खरीदी व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में 360 नए धान उपार्जन केंद्र शुरू करने का निर्णय स्वागतयोग्य है। इससे कुल 3100 केंद्रों के माध्यम से धान खरीदी की जाएगी। अधिक उपार्जन केंद्र होने से किसानों को नजदीकी केंद्रों पर अपनी उपज बेचने में सुविधा मिलेगी तथा खरीदी व्यवस्था को अधिक सुगम बनाने में मदद मिलेगी।

बिजली बिल में राहत की अवधि बढ़ाना जनहित में

विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्यमंत्री ऊर्जा राहत जन अभियान एम-ऊर्जा के तहत घरेलू विद्युत उपभोक्ताओं को 200 यूनिट तक बिजली बिल में दी जा रही रियायत जारी रखने के निर्णय की सराहना की। विधायक चंद्राकर ने शासकीय सेवकों और उनके आश्रित परिवारजनों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने को महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से सूचीबद्ध अस्पतालों में उपचार के दौरान चिकित्सा व्यय का भुगतान स्वयं करने और बाद में प्रतिपूर्ति के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरने की जरूरत नहीं होगी। पूर्व-अनुमोदन और चिकित्सा दावों की प्रक्रिया ऑनलाइन होने से व्यवस्था अधिक सुविधाजनक बनेगी।

सेवा के दीप से रोशन होंगे जरूरतमंदों के जीवन



भिलाई। दीपावली की खुशियां हर घर तक पहुंचे और जरूरतमंदों के चेहरों पर भी मुस्कान खिले, इसी उद्देश्य से अध्यात्म पथ सेवा परिवार, छत्तीसगढ़ ने सेवा अभियान की कार्ययोजना तैयार की है। महर्षि वाल्मीकि जयंती पर आयोजित बैठक में जरूरतमंद परिवारों को मिष्ठान्न एवं वस्त्र वितरित करने के साथ समाजसेवा के विभिन्न कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। बैठक में नई कार्यकारिणी का गठन करते हुए हेमा सक्सेना को अध्यक्ष, नमित क्षत्रिय को महासचिव, वंदना सिंह को उपाध्यक्ष और हर्षा ताम्रकार को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं सुशीला सिन्हा, रेखा पंड्या और राजकुमार भल्ला को वरिष्ठ सदस्य चुना गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आचार्य डॉ. अजय आर्य ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन आत्मपरिवर्तन, साधना और ज्ञान की प्रेरणा देता है। आध्यात्मिकता का वास्तविक स्वरूप मानवता की सेवा और समाज कल्याण में दिखाई देता है। सेवा का अर्थ केवल जरूरत पूरी करना नहीं, बल्कि किसी के जीवन में सम्मान, अपनत्व और आशा जगाना भी है। उन्होंने नागरिकों से अपनी सामर्थ्य के अनुसार सेवा कार्यों में सहभागी बनने की अपील की।

सांसद-सरपंच संवाद में उठीं ग्रामीण समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

सांसद बघेल ने विकसित भारत-2047 के लक्ष्य पर की चर्चा

ग्रामीण विकास को गति देने और पंचायत प्रतिनिधियों तथा प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से भिलाई के सिविक सेंटर स्थित महात्मा गांधी कला मंदिर में सांसद-सरपंच संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। पाटन, दुर्ग और धमधा विकासखंडों के 143 सरपंचों की उपस्थिति रही। संवाद के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं, विकास कार्यों और विकसित भारत-2047 के लक्ष्य पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य गांवों की जरूरतों को समझकर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ गांवों, गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं और जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचाना रहा। इस अवसर पर दुर्ग कलेक्टर अभिजीत सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, रजनी विजय बघेल, पूर्व नगर पालिका परिषद चरोदा अध्यक्ष शशिकांत बघेल, समाजसेवी संजय बघेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष कीर्ति नायक, सभापति नीलम राजेश चंद्राकर, भिलाई महिला जिला अध्यक्ष स्विटी कौशिक और जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सांसद विजय बघेल ने अपने संबोधन में कहा कि यह पहला सांसद-सरपंच संवाद कार्यक्रम है, आखिरी नहीं। जनप्रतिनिधियों को अपनी जिम्मेदारियों का अहसास करते हुए जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनना और उनका समाधान सुनिश्चित करना जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों की सामूहिक जिम्मेदारी है।





उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान

कार्यक्रम के दौरान जनहित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सांसद विजय बघेल ने स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले लीलेश देशमुख, राघवेन्द्र सिंह, अजय पाणीकर, राजेश सिंह, भूपेंद्र यादव, निशु पाण्डेय, राम कुमार धनकर, रोशन ताम्रकार, हितेंद्र तन्ना, होमन देशमुख, देवेंद्र यादव, शिव बघेल, श्रीकांत ताम्रकार, विशाल दीप नायर सोनी, योगेश और रमेश यादव सहित अन्य सहयोगियों की सराहना की गई। कार्यक्रम के संचालन में उद्घोषक ममता और दीपांशु का भी योगदान रहा।

बिजली बिल की समस्या प्रमुखता से उठी

संवाद के दौरान सरपंचों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं रखीं। ग्रामीणों के पुराने बिजली बिलों से जुड़ी परेशानियों का मुद्दा प्रमुखता से सामने आया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि ग्रामीणों की समस्याएं केवल उनकी नहीं, बल्कि सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की साझा जिम्मेदारी हैं। उन्होंने बताया कि बिजली बिल से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए मुख्यमंत्री से चर्चा की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि समस्याओं के निराकरण के लिए जल्द से जल्द उचित निर्णय कराने का प्रयास किया जाएगा। दीपावली से पहले लोगों को हो रही तात्कालिक परेशानियों के समाधान के लिए भी संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर आवश्यक कदम उठाने की बात कही।

युवा केवल समस्याओं के पहचान तक सीमित नहीं बल्कि उनके समाधान खोजने की दिशा में रहें सक्रिय



भिलाई। श्री शंकराचार्य संस्थान, भिलाई में आयोजित संविद 2026 में युवाओं की प्रतिभा, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता के विविध रंग देखने को मिले। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, खेलकूद प्रतियोगिताओं, पत्रकारिता गतिविधियों और बौद्धिक विमर्श ने आयोजन को खास बनाया। एल अवेनिर न्यू जनरेशन समिट 2026 के अंतर्गत आयोजित द ग्लोबल टर्मिनल मॉडल यूनाइटेड नेशंस एमयूएन में 200 से अधिक प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर विचार साझा किए। फनोलॉजी द्वारा आयोजित सम्मेलन के दूसरे दिन 18 कार्यकारी मंडल सदस्यों की सहभागिता रही। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति आई पी मिश्रा ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भारत की बड़ी युवा आबादी देश की विरासत को आगे ले जाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी रखती है। युवाओं को केवल समस्याओं के पहचान तक सिमित नही बल्कि उनके समाधान खोजने की दिशा में सक्रिय रहना चाहिए। महासचिव नारायणी मिश्रा के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने संवैधानिक अधिकारों, पर्यावरण संरक्षण, मानसिक स्वास्थ्य, डिजिटल नैतिकता और महिलाओं के विरुद्ध हिंसा जैसे विषयों पर चर्चा की। विभिन्न समितियों के माध्यम से विद्यार्थियों को संसदीय प्रक्रियाओं, तार्किक चिंतन, संवाद और कूटनीतिक दृष्टिकोण का व्यावहारिक अनुभव मिला।

गंभीर मरीजों को बिलासपुर जाने से मिलेगी राहत

मानसिक रोगियों के लिए तैयार हो रहा 20 बिस्तर का अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दुर्ग जिले में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरत को देखते हुए सरकारी स्तर पर सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। जिला अस्पताल दुर्ग में हर महीने करीब 800 मानसिक रोगी जांच और इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है। इस समस्या को दूर करने के लिए जिला अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन मानसिक अस्पताल को अप्रैल तक पूरी तरह तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। अस्पताल शुरू होने से गंभीर मानसिक रोगियों को स्थानीय स्तर पर उपचार की सुविधा मिल सकेगी और उन्हें बिलासपुर मानसिक अस्पताल के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

■ दुर्ग जिला अस्पताल में मिलेगी नई सुविधा

20 मरीजों को एक साथ भर्ती करने की सुविधा

निर्माणाधीन मानसिक अस्पताल की क्षमता 20 बिस्तरों की होगी। यहां एक साथ 10 महिला और 10 पुरुष मरीजों को भर्ती कर इलाज किया जा सकेगा। इससे उन मरीजों को विशेष राहत मिलने की उम्मीद है, जिन्हें नियमित जांच के साथ अस्पताल में भर्ती रखकर उपचार की जरूरत होती है। वर्तमान में जिला अस्पताल में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जांच और इलाज के लिए हर महीने लगभग 800 मरीज पहुंच रहे हैं। ऐसे में नए अस्पताल की सुविधा जिले में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकती है।



80 लाख रुपये की लागत से हो रहा निर्माण

मानसिक अस्पताल के निर्माण पर शुरुआती अनुमान के अनुसार करीब 80 लाख रुपये खर्च होने थे। हालांकि, निर्माण में हुई देरी के कारण लागत में वृद्धि होने की बात सामने आई है। भवन का शेष काम पूरा होने के बाद अस्पताल को मरीजों के उपयोग के लिए तैयार करने की दिशा में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भवन का ढांचा तैयार, फिनिशिंग का काम बाकी

अस्पताल भवन का ढांचागत निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। दीवारें खड़ी हो गई हैं और अब छत की ढलाई, फिनिशिंग तथा साफ-सफाई जैसे काम शेष हैं। निर्माण एजेंसी सीजी-एमएससी के अधिकारियों के अनुसार, निर्धारित समयसीमा के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। लक्ष्य है कि अप्रैल तक अस्पताल का भवन पूरी तरह तैयार हो जाए, जिससे आगे की आवश्यक प्रक्रियाओं के बाद मरीजों को सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को मिलेगी मजबूती

मानसिक रोगों के उपचार में समय पर जांच, नियमित परामर्श और जरूरत पड़ने पर अस्पताल में भर्ती की सुविधा महत्वपूर्ण होती है। जिला अस्पताल में हर महीने बड़ी संख्या में मरीजों का पहुंचना इस सेवा की आवश्यकता को दर्शाता है। नया मानसिक अस्पताल शुरू होने से दुर्ग जिले के मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपचार का बेहतर विकल्प मिल सकेगा। खासकर गंभीर मरीजों और उनके परिजनों को दूसरे शहर में इलाज कराने के लिए होने वाली परेशानी तथा अतिरिक्त खर्च से राहत मिलने की उम्मीद है। अब निगाहें निर्माण कार्य पूरा होने और अस्पताल में उपचार सुविधाएं शुरू होने की समयसीमा पर टिकी हैं।

सड़क किनारे पसरा व्यवसाय करने वालों को हटाने की कार्रवाई पर विधायक सेन नाराज



भिलाई। सड़क किनारे पसरा लगाकर व्यवसाय करने वालों को हटाने की कार्रवाई पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने कड़ी नाराजगी जताई है। उन्होंने तत्काल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से चर्चा कर बिना पूर्व सूचना, सामान हटाने की मोहलत दिए बिना की गई कार्रवाई पर आपत्ति दर्ज कराई और प्रभावित छोटे व्यवसायियों को राहत देने की मांग उठाई। कुछ अरसा पहले भिलाई निगम के तत्कालीन आयुक्त अशोक द्विवेदी ने भी बगैर जनप्रतिनिधियों को सूचना दिए कुछ इसी तरह की कार्रवाई की थी जिसमें विधायक रिकेश की आपत्ति को सीएम हाउस ने संज्ञान में लेकर कमिश्नर को हटा दिया था। 27 अक्टूबर को इसकी पुनरावृत्ति होने पर विधायक ने नाराज़गी जताई है।

मुख्यमंत्री से जल्द करेंगे मुलाकात

विधायक रिकेश सेन ने मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद इस मुद्दे पर 29 अक्टूबर को सीएम से मुलाकात भी करेंगे। विधायक रिकेश सेन ने स्पष्ट किया कि वे यातायात बाधित करने वाले अतिक्रमण के समर्थक नहीं हैं। त्यौहारी सीजन में सड़कों को व्यवस्थित और सुगम बनाए रखने के लिए प्रशासन व यातायात पुलिस के प्रयास आवश्यक हैं, लेकिन कार्रवाई से पहले संबंधित व्यवसायियों को नोटिस देकर सामान हटाने का पर्याप्त समय दिया जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया में मानवीय संवेदनशीलता और छोटे व्यापारियों की आजीविका का भी ध्यान रखा जाना जरूरी है। दोपहर करीब 12 से 3 बजे के बीच जेसीबी से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान ठेले-खोमचे और पसरा लगाकर फल, सब्जियां और खाद्य सामग्री बेचने वाले कई छोटे व्यवसायियों के सामान को नुकसान हुआ। उनकी बिक्री के लिए रखी खाद्य सामग्री भी नष्ट हो गई, जिससे उन्हें आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है।

आखिरकार मुख्यमंत्री से मिले धमधा के आंदोलनकारी किसान, मिला आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमधा

किसानों के कर्जमाफी से जुड़े मामले को लेकर लंबे समय से आंदोलन कर रहे किसान नेता बाबा टेक सिंह चंदेल ने आखिरकार छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर और जिला अध्यक्ष रोहित राजपूत भी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान बाबा टेक सिंह चंदेल ने आईडीबीआई बैंक की विभिन्न शाखाओं से जुड़े किसानों की कर्जमाफी की समस्या को मुख्यमंत्री के सामने प्रमुखता से रखा। किसान नेता चंदेल ने बताया कि आईडीबीआई बैंक की नेहरू नगर, चरोदा और दुर्ग शाखाओं से कई किसानों ने ऋण लिया था। उनके अनुसार, कांग्रेस सरकार की कर्जमाफी योजना के तहत लगभग 18 से 20 किसानों का 100 प्रतिशत कर्ज माफ किया गया, जबकि करीब 60 अन्य किसानों को कर्जमाफी का हवाला देकर वर्षों तक चक्कर कटवाए गए। इसके चलते समय के साथ ब्याज बढ़ता गया और अब संबंधित किसान कर्ज चुकाने में असमर्थ हो रहे हैं।

■ वन टाइम सेटलमेंट की मांग पर जांच की बात कही साय ने

आईडीबीआई बैंक से जुड़े किसानों के कर्ज का मामला मुख्यमंत्री के सामने उठाया



कर्ज माफी और वन टाइम सेटलमेंट की मांग

बाबा टेक सिंह चंदेल ने मुख्यमंत्री के समक्ष पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने तथा प्रभावित किसानों को राहत देने के लिए कर्ज माफ या वन टाइम सेटलमेंट की व्यवस्था लागू करने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि कर्जमाफी के इंतजार में वर्षों से परेशान किसानों को राहत मिलनी चाहिए, ताकि वे बढ़ते ब्याज और कर्ज के बोझ से बाहर निकल सकें।

मुख्यमंत्री ने दिया कार्रवाई का भरोसा

प्रतिनिधिमंडल की बातें सुनने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मामले की जांच कराने और किसानों के हित में आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने किसान नेता से आंदोलन स्थगित करने की बात कही। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद अब किसानों को मामले में ठोस कार्रवाई का इंतजार है। हालांकि, जांच कब शुरू होगी, प्रभावित किसानों को कब तक राहत मिलेगी और वन टाइम सेटलमेंट की मांग पर क्या निर्णय लिया जाएगा, यह आने वाला समय ही बताएगा। अब सवाल यही है कि क्या मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद वर्षों से कर्जमाफी की राह देख रहे किसानों को वास्तव में राहत मिल पाएगी? इस मौके पर आत्मा साहू अध्यक्ष किसान बंधु संगठन धमधा ब्लॉक, डॉ. जोहन वर्मा पूर्व जनपद, डॉ. हर्ष साहू, मोती राम वर्मा पूर्व सरपंच, तेजराम साहू, नेतु साहू,ओमप्रकाश पटेल, पंचराम साहू,सुभाष साहू, संतोष मानिकपुरी आदि किसान उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

घुघुवा(क) में 'गंवई संगम' का आयोजन 13 को

पाटन। जनपद पंचायत पाटन के अंतर्गत ग्राम घुघुवा(क) में आगामी 13 नवंबर 2026 को 'गंवई संगम – लोक कला अउ परंपरा के तिहार' का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक व जनपद पंचायत पाटन के सभापति श्री प्रणव शर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक मूल्यों और आध्यात्मिक विरासत को समर्पित इस आयोजन में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इसका आयोजन सनातन जागरण समिति, यंग स्टार बॉयज क्लब एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। समारोह में नौका विहार, लेजर शो, महाआरती, सुवा नृत्य और पंथी नृत्य विशेष आकर्षण होंगे।

विश्व कल्याण, समाज में सौहार्द व सुख-समृद्धि की कामना के साथ दी पूर्णाहूति

दुर्ग। आर्य नगर स्थित आर्य समाज मंदिर में रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि की जयंती और शरद पूर्णिमा का पर्व श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में विशेष वैदिक यज्ञ, सत्संग और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवयज्ञ हवन के साथ हुआ। पुरोहित द्वारा उच्चारित वेदमंत्रों की ध्वनि और आहुतियों की सुगंध से पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। यजमानों ने विश्व कल्याण, समाज में सौहार्द और सुख-समृद्धि की कामना के साथ पूर्णाहूति दी। हवनोपरांत आयोजित धर्मसभा में वक्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन, उनकी तपस्या और विचारों पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता आचार्य दिलीप ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने पवित्र ग्रंथ रामायण की रचना कर समाज को मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा और आदर्श जीवन जीने की अमर प्रेरणा दी। उनका जीवन यह संदेश देता है कि सद्विचारों और दृढ़ संकल्प से मनुष्य अपने जीवन की दिशा बदलकर महानता के शिखर तक पहुंच सकता है।

स्वदेशी अपनाकर स्वावलंबी भारत के निर्माण में योगदान देने लिया संकल्प

भिलाई। स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग, महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका को मजबूत करने के उद्देश्य से स्वदेशी जागरण मंच द्वारा सेक्टर-6 में एक दिवसीय प्रांतीय महिला कार्यशाला का आयोजन किया गया। चार सत्रों में आयोजित इस कार्यशाला में प्रदेश के 22 जिलों से 112 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता की। इस दौरान स्वरोजगार, लघु उद्योग और महिला उद्यमिता के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही स्वदेशी वस्तुओं के प्रचार-प्रसार और उपयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया।कार्यक्रम की प्रस्तावना दिव्या कलिहारी ने प्रस्तुत की। उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्य और स्वदेशी स्वावलंबन के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन गीतांजलि ने किया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल और मुख्य वक्ता अखिल भारतीय सह-संगठक सतीश कुमार उपस्थित रहे। मंच पर मध्य पश्चिम क्षेत्र संगठक केशव दुबोलिया, प्रांत संयोजक एवं स्वावलंबी भारत अभियान के प्रांत समन्वयक जगदीश पटेल, क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य अरुणा दीक्षित, जगदीश मेहता, संजय चौबे और अजय भसीन मौजूद रहे।

आयोजन : 125 जनसूचना अधिकारियों ने सीखी प्रक्रिया

आरटीआई के प्रभावी क्रियान्वयन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/बेरला

सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रशासनिक कामकाज में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बेरला में विकासखंड स्तरीय तीन दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विभिन्न विभागों और ग्राम पंचायतों के 125 जनसूचना अधिकारियों को अधिनियम के प्रावधानों, आवेदन निराकरण की प्रक्रिया और समय-सीमा की जानकारी दी गई। कार्यशाला में अनुविभागीय अधिकारी डॉ. दीप्ति वर्मा ने अपने संदेश में कहा कि लोकहित में मांगी जाने वाली जानकारी और आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करना प्रत्येक जनसूचना अधिकारी की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशिक्षण से अधिकारियों की कार्यक्षमता बढ़ेगी और सूचना उपलब्ध कराने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी एवं नायब तहसीलदार राजाराम लहरे ने कहा कि सूचना का अधिकार अधिनियम की प्रक्रिया में सूचना मांगने वाले और सूचना उपलब्ध कराने वाले, दोनों पक्षों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए संबंधित संस्थानों में अभिलेखों और सूचनाओं का व्यवस्थित संधारण जरूरी है, ताकि आवेदन मिलने पर समय पर जानकारी उपलब्ध कराई जा सके। मास्टर ट्रेनर विकेश कुमार यादव ने बताया कि सूचना का अधिकार लागू होने से शासन-प्रशासन के कामकाज में पारदर्शिता बढ़ी है और अधिकारियों-कर्मचारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि प्रक्रिया की सही जानकारी के अभाव में आवेदन निराकरण में कठिनाइयां आती हैं। वहीं, मास्टर ट्रेनर बीएल साहू ने अधिनियम की विभिन्न धाराओं की जानकारी देते हुए धारा 2 से 11 तक के प्रावधानों को महत्वपूर्ण बताया। प्रशिक्षण में अधिकारियों को आवेदन प्राप्त करने, उपलब्ध अभिलेखों के आधार पर जानकारी देने, निर्धारित समय-सीमा का पालन करने और अपील की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। सामान्य मामलों में आवेदन प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर जानकारी उपलब्ध कराने का प्रावधान समझाया गया।

■ समय-सीमा में जानकारी देना प्राथमिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही पर जोर, प्रशिक्षण के बाद अधिकारियों की परीक्षा भी ली गई



कार्यशाला में स्पष्ट किया गया कि जनसूचना अधिकारी की जिम्मेदारी उपलब्ध अभिलेखों में दर्ज जानकारी निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय सुरक्षा, व्यक्तिगत गोपनीयता और अधिनियम के तहत छूट प्राप्त अन्य श्रेणियों की सूचनाओं के संबंध में वैधानिक प्रावधानों का पालन करना आवश्यक है। अधिकारियों को यह भी बताया गया कि सूचना उसी रूप और माध्यम में उपलब्ध कराई जानी चाहिए, जिसमें वह संबंधित अभिलेखों में उपलब्ध है। प्रशिक्षण कार्यक्रम आईसीटी आधारित रहा। जिला स्तर पर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स ने अधिकारियों को अधिनियम के प्रावधानों और व्यावहारिक प्रक्रियाओं की जानकारी दी।

बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा, नवाचारपूर्ण मॉडलों ने खींचा ध्यान



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार और तार्किक चिंतन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 28 अक्टूबर को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बेमेतरा में विकासखंड स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी, पश्चिम भारत विज्ञान मेला एवं विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने विज्ञान आधारित मॉडल, परियोजनाओं और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

■ विज्ञान मेला, विज्ञान नाटिका और प्रश्न मंच प्रतियोगिता के जरिए विद्यार्थियों की वैज्ञानिक सोच को मिला मंच

कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती कामिनी महिलांग और नोडल अधिकारी लक्ष्मीनी साहू की उपस्थिति रही। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों को अपनी वैज्ञानिक सोच, नवाचारी विचारों और विषयगत ज्ञान को प्रस्तुत करने का अवसर मिला। विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल और परियोजनाओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने विज्ञान के व्यावहारिक उपयोग को प्रदर्शित किया। पश्चिम भारत विज्ञान मेले के अंतर्गत विद्यार्थियों की व्यक्तिगत एवं सामूहिक परियोजनाओं के साथ शिक्षकों द्वारा तैयार शिक्षण सहायक सामग्री (टीएलएम) को भी प्रोत्साहित किया गया। वहीं, विज्ञान नाटिका प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक तथ्यों को रोचक एवं प्रभावी तरीके से प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त किया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की वैज्ञानिक जानकारी, त्वरित सोच और तार्किक क्षमता को परखने पर जोर रहा। प्रतियोगिताओं के निष्पक्ष एवं व्यवस्थित संचालन के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बेमेतरा द्वारा निर्णायक मंडल नियुक्त किया गया था। मंडल में दिनेश कुमार सोनी, नेहा ठाकुर, हिरेन्द्र साहू, राजेंद्र कुमार साहू, ललित कुमार साहू, रेणुका अग्रवाल, निधि साहू, देवेंद्र कुमार साहू, ज्योति बनाफर, लोमेश पटेल और कृष्ण कुमार कर्माकर शामिल रहे। निर्णायकों ने निर्धारित मापदंडों के आधार पर विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। कार्यक्रम का संचालन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, सिंघौरी के शिक्षक नुतेश्वर चंद्राकर ने किया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करने के साथ उन्हें प्रयोग, अवलोकन और नवाचार के माध्यम से सीखने के लिए प्रेरित करना रहा।

भिलाई चेम्बर का जनजागरूकता अभियान

आया त्योहार चलो बाजार अभियान लोकल बाजार को मिल रहा प्रोत्साहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा त्योहारों के अवसर पर स्थानीय बाजारों को प्रोत्साहित करने एवं व्यापारियों के हित में चलाए जा रहे आया त्योहार चलो बाजार अभियान को शहर में बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। महामंत्री अजय भसीन के नेतृत्व में अभियान के माध्यम से आम नागरिकों, विशेषकर स्कूली बच्चों को जागरूक किया जा रहा है कि वे ऑनलाइन शॉपिंग के बजाय स्थानीय बाजारों से खरीदारी करें, जिससे बाजारों की रौनक बढ़े और स्थानीय व्यापार को प्रोत्साहन मिले। भिलाई चेम्बर का यह अभियान शहर के विभिन्न क्षेत्रों के साथ-साथ कुम्हारी क्षेत्र में भी उत्साहपूर्वक संचालित किया गया।अभियान के अंतर्गत स्कूलों में पहुंचकर विद्यार्थियों को स्थानीय बाजारों से खरीदारी करने के महत्व से अवगत कराया जा रहा है। बच्चों को समझाया जा रहा है कि बाजारों में जाकर खरीदारी करने से न केवल व्यापारियों को लाभ मिलता है, बल्कि स्थानीय रोजगार और अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है।



पेज 9 का शेष

तूफान और बारिश ...

बारिश के कारण ग्रामीण इलाकों में खेती-किसानी के काम प्रभावित होने की आशंका है। वहीं, जिला मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों के बाजारों में भी सामान्य दिनों जैसी रौनक नहीं दिखाई दी। खराब मौसम के चलते लोग जरूरी काम होने पर ही घरों से बाहर निकलते नजर आए। स्कूलों में अवकाश घोषित किए जाने से शैक्षणिक गतिविधियां भी प्रभावित हुईं। मौसम की इस करवट ने किसानों से लेकर आम नागरिकों तक की दिनचर्या पर असर डाला है।

खेतों में मेहनत, आसमान पर नजर: धान की खेती किसानों की आजीविका का प्रमुख आधार है। बीज, खाद, दवा, सिंचाई और मजदूरी पर खर्च करने के बाद फसल तैयार होने के समय मौसम का प्रतिकूल हो जाना किसानों की चिंता बढ़ा देता है। इस बार भी कटाई के नजदीक बारिश होने से किसानों की निगाहें आसमान पर टिकी हुई हैं। जिन खेतों में धान पककर तैयार है, वहां किसान मौसम के अनुसार कटाई की योजना बना रहे हैं। बारिश के कारण कटाई और फसल को सुरक्षित रखने के काम में देरी होती है, तो किसानों को अतिरिक्त श्रम और खर्च उठाना पड़ सकता है। ऐसे में किसानों के लिए जरूरी है कि वे मौसम की स्थानीय जानकारी लेते रहें, कटी हुई फसल को सुरक्षित स्थान पर रखें और कृषि विभाग की सलाह के अनुसार आवश्यक सावधानियां बरतें।

बाजारों की रौनक पड़ी फीकी, सड़कों पर कम दिखी चहल-पहल: मौसम के बदले मिजाज का असर बाजारों और आम जनजीवन पर भी दिखाई दिया। बारिश और हवा के कारण बाजारों में लोगों की आवाजाही कम रही। दुकानदारों को भी ग्राहकों की कम उपस्थिति के बीच कारोबार करना पड़ा। ग्रामीण क्षेत्रों से खरीदारी और दूसरे जरूरी कामों के लिए जिला मुख्यालय पहुंचने वाले लोगों की गतिविधियां भी प्रभावित होने की आशंका रही। आमतौर पर बाजारों में दिखाई देने वाली चहल-पहल खराब मौसम के कारण कम नजर आई। लोग बारिश से बचने के लिए घरों में रहना बेहतर समझते दिखे। वहीं, रोजमर्रा के काम से बाहर निकलने वाले लोगों को भी मौसम के अनुसार अपनी दिनचर्या बदलनी पड़ी।

जिले में अब तक 691 मिमी औसत वर्षा दर्ज: जिला भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चालू वर्षा सीजन में 1 जून 2026 से 29 अक्टूबर 2026 तक की स्थिति में जिले में सुबह 8 बजे तक कुल 691 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। तहसीलवार आंकड़ों पर नजर डालें तो बेरला में सर्वाधिक 892.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जबकि नवागढ़ तहसील में सबसे कम 493 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है।

तहसीलवार वर्षा की स्थिति

- बेरला: 892.2 मिमी
- भिंमौरी: 843.3 मिमी
- थानखम्हरिया: 788.5 मिमी
- साजा: 725.1 मिमी
- नांदघाट: 692.9 मिमी
- दाढ़ी: 636.8 मिमी
- देवकर: 601 मिमी
- बेमेतरा: 546.6 मिमी
- नवागढ़: 493 मिमी

इन आंकड़ों के अनुसार बेरला तहसील में जिले में सबसे अधिक वर्षा हुई है। भिंमौरी और थानखम्हरिया में भी अच्छी बारिश दर्ज की गई है। इसके विपरीत नवागढ़ और बेमेतरा तहसील में तुलनात्मक रूप से कम वर्षा रिकॉर्ड की गई है। हालांकि, तहसीलवार कुल वर्षा के आंकड़े अपने आप में किसी खेत में हुए नुकसान की स्थिति स्पष्ट नहीं करते। फसल पर वास्तविक प्रभाव स्थानीय बारिश, हवा की तीव्रता, खेतों में जलभराव और फसल की अवस्था पर निर्भर करेगा।

स्कूलों में अवकाश...

प्रतिकूल परिस्थितियों में लोगों की सुरक्षा और आवश्यक सेवाओं का सुचारु संचालन महत्वपूर्ण हो जाता है। ऐसे में नागरिकों को प्रशासन की आधिकारिक सूचनाओं पर ध्यान देने और अनावश्यक रूप से खराब मौसम में बाहर निकलने से बचने की जरूरत है।

अब मौसम खुलने ...

बढ़ा सकेंगे। फिलहाल किसानों को मौसम संबंधी आधिकारिक पूर्वानुमानों पर नजर रखने, कटी हुई धान को भीगने से बचाने और जरूरत पड़ने पर कृषि विभाग से मार्गदर्शन लेने की आवश्यकता है। जिले में फसल नुकसान की वास्तविक स्थिति का पता संबंधित क्षेत्रों के निरीक्षण और आकलन के बाद ही चल सकेगा। अब किसानों की निगाहें मौसम पर टिकी हैं। खेतों में पककर तैयार धान को सुरक्षित घर तक पहुंचाने की चिंता के बीच हर किसान यही उम्मीद कर रहा है कि बारिश थमे, धूप निकले और मेहनत से तैयार हुई फसल को ज्यादा नुकसान न उठाना पड़े।

दिसंबर में साहू समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन, पंजीयन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

साहू समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों को जीवनसाथी चुनने के लिए उपयुक्त मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 13 दिसंबर को बेमेतरा में युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, पंजीयन क्रमांक 33/61 से संबद्ध जिला साहू संघ बेमेतरा द्वारा आयोजित इस सम्मेलन के लिए पंजीयन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जिला साहू संघ के अनुसार, सम्मेलन में शामिल होने के लिए युवक की आयु कम से कम 21 वर्ष और युवती की आयु 18 वर्ष पूर्ण होना अनिवार्य है। इच्छुक प्रतिभागियों को 300 रुपये पंजीयन शुल्क के साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, आवेदन पत्र और बायोडाटा जिला साहू संघ में जमा करना होगा। सम्मेलन में पंजीकृत युवक-युवतियों के बायोडाटा संकलित कर रंगीन परिचायिका पत्रिका प्रकाशित की जाएगी। सम्मेलन के मंच पर पत्रिका का विमोचन किया जाएगा। इसके साथ ही प्रदेश साहू संघ, पंजीयन क्रमांक 33/61 से संबद्ध सदस्यों के विज्ञापन भी पत्रिका में प्रकाशित किए जाएंगे। विज्ञापन के लिए फुल पेज का शुल्क 3,500 रुपये, हाफ पेज का 2,000 रुपये और क्वार्टर पेज का 1,000 रुपये निर्धारित किया गया है। जिला साहू संघ के अध्यक्ष नारद साहू एवं महासचिव देवेंद्र साहू ने जिला, तहसील, परिक्षेत्र, ग्रामीण इकाइयों तथा विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों के विवाह योग्य युवक-युवतियों का अधिकाधिक पंजीयन कराने की अपील की है। उन्होंने सामाजिक बंधुओं से परिचायिका पत्रिका के प्रकाशन में सहयोग देने और सामूहिक सहभागिता के साथ सम्मेलन को सफल बनाने का आह्वान किया।

■ 300 रुपए शुल्क के साथ जमा करना होगा आवेदन और बायोडाटा

■ परिचायिका पत्रिका में प्रकाशित होंगे प्रतिभागियों के विवरण

सत्ता पक्ष ने रखा जनहित का मुद्दा, विपक्ष ने घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी

नगर पालिका परिषद कुम्हारी की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई। इसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं और विकास कार्यों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के समक्ष विभिन्न विषय रखे। बैठक के सभी 13 एजेंडों पर गहन विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए गए।

सामान्य सभा की शुरुआत में ही स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में निर्मित अतिरिक्त कमरों के लोकार्पण कार्यक्रम का मुद्दा गरमाया। विपक्ष के पार्षदों ने आरोप लगाया कि उक्त कार्यक्रम में उन्हें आमंत्रित न करके प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया गया है। पार्षदों ने सीएमओ से स्पष्टीकरण मांगते हुए कहा कि विकास कार्यों के आयोजनों में सभी संबंधित वार्ड पार्षदों को उचित सम्मान मिलना चाहिए। बैठक में शहर की सफाई व्यवस्था, निर्माण कार्यों और अन्य नागरिक सुविधाओं की समीक्षा की गई। पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों की समस्याएं उठाकर उनके त्वरित समाधान के सुझाव दिए।



प्रमुख एजेंडों पर हुए निर्णय

मार्ग चौड़ीकरण एवं नाली निर्माण: स्टेशन चौक से महामाया उद्यान मार्ग के चौड़ीकरण और नाली निर्माण पर अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि प्रभावित मकान मालिकों के हितों का ध्यान रखा जाए तथा निष्पक्षता से उचित मुआवजा दिलाया जाए।

ओवरहेड टैंक निर्माण: ग्राम जंजगिरी में शेष 450 किलोलीटर क्षमता तथा ग्राम कुगदा में 350 किलोलीटर क्षमता के ओवरहेड टैंक निर्माण कार्य को पूर्ण कराने हेतु 101.94 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति एवं कार्य आदेश के अनुमोदन पर चर्चा हुई।

15वां वित्त आयोग व विकास शुल्क: 15वें वित्त आयोग के तहत विभिन्न वार्डों में सीसी रोड और नाली निर्माण कार्यों को शामिल किया गया। प्रस्ताव क्रमांक 12 के अंतर्गत भवन अनुज्ञा विकास शुल्क को 5 रुपये प्रति वर्ग फुट से बढ़ाकर 6 रुपये प्रति वर्ग फुट कर दिया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर, विभिन्न वार्डों के पार्षद, एल्डरमैन एवं पालिका कर्मचारी उपस्थित थे।



खबर संक्षेप

डीहपारा बासीन में ई-कचरे के दुष्प्रभावों के प्रति किया जागरूक

बेमेतरा। विकासखंड साजा के शासकीय प्राथमिक शाला डीहपारा बासीन में ई-कचरा (इलेक्ट्रॉनिक कचरा) प्रबंधन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों, पालकों और ग्रामीणों को ई-कचरे से होने वाले दुष्प्रभावों तथा उसके सुरक्षित निपटान के तरीकों की जानकारी देना था। कार्यक्रम में बच्चों को बताया गया कि खराब मोबाइल, बैटरी, चार्जर, टीवी और कंप्यूटर जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को इधर-उधर या खुले में नहीं फेंकना चाहिए। इनमें मौजूद हानिकारक रसायन मिट्टी और पानी को प्रदूषित करने के साथ मानव स्वास्थ्य के लिए भी नुकसानदायक हो सकते हैं। ऐसे कचरे को सामान्य कचरे से अलग एकत्र कर अधिकृत संग्रह केंद्र या रिसाइकिल केंद्र तक पहुंचाना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधान पाठक गोपी चरण साहू ने विद्यार्थियों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए ई-कचरे का उचित प्रबंधन करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में सहायक शिक्षिका सीमा रानी देवांगन, रसोइया जमुना ठाकुर एवं तीरीथ बाई, सफाई कर्मचारी पुन्नी लाल गोंड, शाला प्रबंधन समिति के सदस्य, पालकगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

बाइक चोरी करने वाला गिरफ्तार

भिलाई। दो पहिया वाहन चोरी के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि बालमुकुंद साहू बाइक सीजी 04 सीएन 5711 को महादेव कार प्राइवेट लिमिटेड, सुपेला के सामने खड़ा किया था। पूछताछ करने पर अपना नाम शारदा पारा, कैंप 1 निवासी इन्द्रजीत सिंह बताया है। जो बाइक बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में खड़ा था। आरोपी की निशानदेही पर चोरी की बाइक को जब्त किया गया।

बस-ई रिक्शा में भिड़ंत, एक गंभीर

भिलाई। सड़क हादसे में ई रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। मामला मोहन नगर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि मॉजल टाउन भिलाई निवासी रमा शंकर तिवारी ई रिक्शा चलाता है। वाहन लेकर दुर्ग आया हुआ था। इस दौरान बस सीजी 07 ई 8166 और ई रिक्शा का आपस में भिडंत हो गया। घटना दुर्ग रेलवे स्टेशन ब्रिज के पास ही है। हादसे में ई-रिक्शा चालक रमाशंकर तिवारी गंभीर रुप से घायल हो गया है। जिसका उपचार अस्पताल में जारी है। टक्कर इतना जबरदस्त था कि ई-रिक्शा चालक अपने वाहन समेत बस में फंस गया था। घटना के बाद आसपास के लोग पहुंचे और उसे किसी तरह बाहर निकाला और उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। हादसे के कारण वाहनों की लंबी कतार लग गई थी। ट्रैफिक भी बहुत देर तक जाम था। सूचना मिलने पर मोहन नगर पुलिस पहुंची और व्यवस्था को अपडेट किया। हादसे के बाद दुर्ग स्टेशन ब्रिज पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई थी। हादसे के कारण ब्रिज के ऊपर लंबा जाम लग गया। घटना सुबह होने पर सड़क पर वाहनों की आवाजाही बनी हुई थी। जाम के चलते राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मामले में पुलिस ने बस चालक को हिरासत में लिया है।

सियासत : देवरबीजा में सभा के दौरान भाजपा-आरएसएस पर टिप्पणी

पूर्व विधायक बंजारे पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कांग्रेस के पूर्व विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे के विवादित बयान ने जिले की राजनीति में उबाल ला दिया है। देवरबीजा में आयोजित सभा के दौरान भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में अब पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है। गुरुवार को जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू और नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सिटी कोतवाली पहुंचकर पूर्व विधायक के खिलाफ लिखित शिकायत सौंपी थी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 353(2) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग के साथ भाजपा ने राजनीतिक बयानबाजी में मर्यादा का मुद्दा भी उठाया है। विवाद की शुरुआत 25 अक्टूबर को देवरबीजा क्षेत्र में कांग्रेस के आंदोलन के दौरान आयोजित सभा से हुई। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे ने भाजपा और आरएसएस के लिए 'अंग्रेजों की अवैध संतान' संबंधी टिप्पणी की थी। भाषण का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित होने के बाद भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन भी किया था।

- जिलाध्यक्ष अजय साहू और नपाध्यक्ष विजय सिन्हा के नेतृत्व में सौंपा गया शिकायत पत्र



पुलिस ने शिकायत के आधार पर दर्ज किया अपराध

एडिशनल एसपी हरीश यादव ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष ने कांग्रेस के पूर्व विधायक गुरुदयाल बंजारे के खिलाफ सार्वजनिक मंच से भाजपा और आरएसएस पर अभद्र टिप्पणी करने तथा अशांति फैलाने संबंधी शिकायत दी थी। शिकायत के आधार पर सिटी कोतवाली में अपराध दर्ज कर लिया गया है। शिकायत सौंपने के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष अजय साहू, नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, होरीलाल सिन्हा, मंडल अध्यक्ष युगल देवांगन, राजू देवांगन, रेवाराम निषाद, गौरव साहू, प्रवीण, नीलू राजपूत, अमरीका निर्मलकर, विनय साहू, संदीप यादव, रवि मुलवानी, केशव साहू, विकास तंबोली, रोशन दत्ता, मोंटी साहू, योगेश वर्मा और धर्मेंद्र साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

विरोध के नाम पर मर्यादा लांघने की छूट नहीं

भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू ने कहा कि राजनीति में विरोध करने का अधिकार सभी को है, लेकिन विरोध के नाम पर मर्यादा को तार-तार करने की छूट किसी को नहीं दी जा सकती। सार्वजनिक जीवन में रहने वाले नेताओं को अपने शब्दों की गंभीरता समझनी चाहिए। राजनीतिक लाभ के लिए विवादित बयानबाजी स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुकूल नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संबंधित बयान को लेकर पुलिस प्रशासन के समक्ष अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। पुलिस से बयान के वास्तविक संदर्भ, उपलब्ध साक्ष्यों और कानूनी पहलुओं की निष्पक्ष जांच कर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है। नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि राजनीति में शब्दों की ताकत होती है, इसलिए नेताओं को अपनी भाषा की मर्यादा का विशेष ध्यान रखना चाहिए। राजनीतिक विरोध मुद्दों के आधार पर होना चाहिए, न कि ऐसी बयानबाजी के जरिए जिससे सामाजिक और राजनीतिक वातावरण प्रभावित हो।

स्कूटी की डिक्की में रखकर बेच रहा था शराब, 32 पौवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम सेमरिया में किराना दुकान के पास स्कूटी की डिक्की में शराब रखकर अवैध बिक्री करने के आरोप में खण्डसरा पुलिस ने 58 वर्षीय लखनु उर्फ महंगु साहू को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 32 पौवा देशी प्लेन, मसाला और अंग्रेजी शराब, कुल 5,760 मिलीलीटर, जब्त की है। शराब की कीमत 3,440 रुपये और प्रयुक्त स्कूटी की कीमत करीब 10 हजार आंकी गई है। जब्त सामग्री की कुल कीमत 13,440 रुपये बताई गई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार, 28 अक्टूबर को चौकी खण्डसरा की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सेमरिया निवासी लखनु उर्फ महंगु साहू अपनी किराना दुकान के पास स्कूटी की डिक्की में बिक्री के लिए अवैध शराब रखे हुए है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच के दौरान आरोपी के कब्जे से शराब बरामद की। पुलिस ने शराब के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 09 एच 0419 भी जब्त कर ली। कार्रवाई में प्रभारी साइबर सेल निरीक्षक मयंक मिश्रा, चौकी खण्डसरा के सहायक उप निरीक्षक कंवल सिंह नेताम, साइबर सेल के प्रधान आरक्षक भूषण ठाकुर, आरक्षक इंद्रजीत पांडेय, जयकिशन साहू, संतोष धीवर, यशवंत यादव तथा चौकी खण्डसरा के आरक्षक स्वप्निल पांडेय और शशांक शर्मा सहित पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।



- खण्डसरा पुलिस की कार्रवाई, 13,440 रुपए की शराब और स्कूटी जब्त, आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज

देवकर नपं अध्यक्ष के आमरण अनशन को मिला संगठनों का साथ

हरिभूमि न्यूज:बेमेतरा/देवकर

नगर पंचायत देवकर में कथित अनियमितताओं को लेकर शुरू हुआ विवाद अब व्यापक जनआंदोलन का रूप लेता नजर आ रहा है। नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोरे का 28 अक्टूबर से जारी आमरण अनशन लगातार समर्थन मिलने के साथ जोर पकड़ने लगा है। गुरुवार को सामाजिक संगठनों के साथ राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी अनशन स्थल पहुंचकर समर्थन जताया।

वहीं, 30 अक्टूबर को कलार समाज के जुटने की तैयारी से आंदोलन को और विस्तार मिलने की संभावना है। गुरुवार को छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रतिनिधियों ने अनशन स्थल पहुंचकर सुरेश सिहोरे के आंदोलन को समर्थन दिया। किसान कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राजेन्द्र साहू भी कार्यकर्ताओं के साथ अनशन स्थल पहुंचे। विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी से आंदोलन को लेकर नगर में राजनीतिक और प्रशासनिक हलचल बढ़ गई है। अध्यक्ष सुरेश सिहोरे ने नगर पंचायत में कथित अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए यह अनशन शुरू किया है अलग-अलग संगठनों के समर्थन से आंदोलन का दायरा बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। अब सबकी नजर 30 अक्टूबर को होने वाले घटनाक्रम पर टिकी है, जब कलार समाज के लोगों के जुटने की तैयारी है। समर्थन देने वालों में छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के बेमेतरा जिलाध्यक्ष नीलेश साहू, साजा सचिव सूर्यकांत साहू, विमल साहू और आनंद शामिल रहे। वहीं, जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी की ओर से बेमेतरा शहर अध्यक्ष फौजी सूर्या सिंह चौहान, शहर सचिव बलराम यादव, सौरभ मानिकपुरी, गोपु निषाद (अमोरा), सुनील वर्मा, साजा खंड अध्यक्ष खड़, महामंत्री जितेंद्र राजपूत, देवकर जेसीपी अध्यक्ष कन्हैया सिन्हा और साजा खंड युवा अध्यक्ष राज साहू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



देवकर नपं की कार्यप्रणाली पर उठे सवालों का सीएमओ ने दिया जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवकर

नगर पंचायत देवकर की कार्यप्रणाली को लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए विभिन्न सवालों और आरोपों पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने बिंदुवार स्पष्टीकरण जारी किया है। प्रशासन ने शासकीय अभिलेखों, निविदा प्रक्रिया और तकनीकी जांच रिपोर्ट का हवाला देते हुए बैठकों, वाहन खरीदी, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से जुड़े सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है।

पीआईसी और परिषद की बैठकें न बुलाए जाने के आरोपों पर सीएमओ ने बताया कि बैठकें आयोजित करने से जुड़ी फाइलें पूर्व में अध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत की गई थीं, लेकिन उन पर हस्ताक्षर नहीं किए गए। इसके बाद उपाध्यक्ष और 12 पार्षदों के संयुक्त आवेदनों के आधार पर छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा 56 के प्रावधानों के तहत नियमानुसार बैठकें संपन्न कराई गईं। मशीन खरीदी में अनियमितता के आरोपों का खंडन करते हुए सीएमओ ने स्पष्ट किया कि बैकहो लोडर के लिए संचालनालय से 24.50 लाख रुपये स्वीकृत हुए थे। परिषद के निर्णय के बाद जेम पोर्टल के जरिए निविदा प्रक्रिया अपनाई गई। न्यूनतम दर के आधार पर यह मशीन 24 लाख 47 हजार 250 रुपये में क्रय की गई, जिससे वित्तीय नुकसान या बाजार मूल्य से अधिक कीमत पर खरीदी के आरोप निराधार साबित होते हैं। वार्ड क्रमांक 5 के हितग्राही अजय अग्रवाल के प्रधानमंत्री आवास को लेकर जांच दल की रिपोर्ट का हवाला दिया गया। प्रशासन के अनुसार यह निर्माण आबादी पट्टे की भूमि पर नहीं, बल्कि हितग्राही के पिता के नाम दर्ज निजी खसरा नंबर 1532 पर किया गया है। पिता के लिखित सहमति पत्र और सभी निर्धारित मापदंडों की जांच के बाद ही आवास का पूर्णता प्रमाण पत्र जारी किया गया है।



- बैठकें, वाहन खरीदी, पीएम आवास और निर्माण गुणवत्ता पर आरोपों का दस्तावेजों के हवाले से खंडन

सड़क और मुक्तिधाम निर्माण की गुणवत्ता प्रमाणित

वार्ड क्रमांक 3 में शीतला तालाब बंड पर सीसी रोड निर्माण को नवीन सरोवर-धरोहर योजना का हिस्सा बताया गया है। पीडब्ल्यूडी रायपुर की गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट में सड़क की कंप्रेसिव स्ट्रेंथ मानकों के अनुरूप पाई गई है। वहीं, मुक्तिधाम के अहाता निर्माण में उपयोग की गई अमानक रेत को प्रारंभिक चरण में ही बदलवा दिया गया था। तकनीकी जांच में फ्लाई ऐश ईंटों और मानक सामग्रियों का प्रयोग सही पाया गया है।

चक्रवात ने खरीफ को पहुंचाया नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया

तहसील क्षेत्र में 28 अक्टूबर की शाम से शुरू हुई अरब सागर से उठे तूफानी चक्रवात के असर से लगातार रिमझिम बारिश से खरीफ फसल धान की तबाही का मंजर अब दिखने लगा है। हवा और बारिश से धान फसल जो पकने की कगार पर थी, वह धराशाही हो गई है, जिसको लेकर किसानों में चिंता छाई हुई है। गुरुवार को भी चक्रवात का पूरा असर रहा। सुबह से लगातार बारिश से सामान्य जनजीवन भी प्रभावित हुआ है, वहीं शैक्षणिक संस्थानों को भी बंद कर दिया गया है। बाजार सूनी है, लोग घर पर ही दुबके हुए हैं।

इसका प्रभाव 30 अक्टूबर तक पड़ने की संभावना जताई गई है। तहसील क्षेत्र के उमरावनगर, गातापार, टिपनी, बनरांका, तोरन, हाटरांका, गड़वा, खैरझिटी कला, डगनिया, बोरिया, घिवरी, पतोरा, श्यामपुर कांपा, टेढी, ठेलका तथा खपरी जैसे दर्जनों गांव के धान फसल जमीन में गिर गया है, जिससे काफी नुकसान का अंदेशा जताया गया है।इस साल मानसून अच्छा होने से धान की फसल बहुत अच्छी थी। किसान दिवाली के बाद कटाई की तैयारी में थे। अधिकांश खेतों में धान में दाना भर चुका था और बालियां सुनहरी होकर पक चुकी थीं। ऐसे समय में 28 अक्टूबर की शाम से तेज हवा के साथ शुरू हुई बारिश ने सारी मेहनत पर पानी फेर दिया।इस वर्ष तहसील क्षेत्र में लगभग 24 हजार हेक्टेयर में धान की बोनी हुई है। इसमें से 40 प्रतिशत फसल पककर तैयार खड़ी थी। तेज हवा और लगातार नमी के कारण पौधे जड़ से ही गिर गए हैं। खेतों में पानी भर जाने से कटी हुई फसल भी भीग रही है।तहसील कार्यालय,लिंक कोर्ट व नगर पंचायत कार्यालय मे भी आज कामकाज पूरी तरह से चरमराई हुई थी। किसान रामकुमार साहू व कामता साहू ने बताया कल शाम तक फसल एकदम खड़ी थी। रातभर की हवा-बारिश से पूरी फसल जमीन पर बिछ गई। अब इसे काटना भी मुश्किल है, हार्वेस्टर नहीं चल पाएगा,इनका कहना है कि गिरे हुए धान में अंकुरण का खतरा बढ जाता है। यदि दो दिन और बारिश हुई तो फसल के पानी मे भीगने से गुणवत्ता खत्म हो जायगी।इसी प्रकार अर्नब चक्रवाती तूफान से उत्पन्न बारीश ने ऊद्यानिकी फसल गोभी, भाटा, टमाटर, करेला जैसे सब्जी की खेती को भी काफी प्रभावित कर सकता है।



जागरूकता अभियान में बच्चों को बताए साइबर अपराध से बचाव के तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बच्चों को साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी और इंटरनेट के जरिए होने वाले शोषण से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जिले के स्कूलों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। 'सुरक्षित क्लिक, सुरक्षित बचपन' थीम पर आयोजित शिविरों में विद्यार्थियों को साइबर सुरक्षा के उपाय बताए गए। साथ ही उन्हें सोशल मीडिया और इंटरनेट का उपयोग करते समय सतर्क रहने की समझाइश दी गई। अभियान का संचालन अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश सरोज नंद दास के मार्गदर्शन तथा सचिव स्वर्णलता ओम यादव के नेतृत्व में किया जा रहा है। इसके तहत गुरुकृपा पब्लिक स्कूल बालसमुंद, हायर सेकंडरी स्कूल बालसमुंद, पीएम श्री अभ्यास शाला बेमेतरा, शासकीय मिडिल स्कूल झाल, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल लेंजवारा, शासकीय हाई स्कूल पाटौरा, साजा विकासखंड के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल हरडुवा और स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल मोहगांव में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में विद्यार्थियों को साइबर बुलिंग, ऑनलाइन ठगी, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल, अश्लील सामग्री के प्रसारण और ऑनलाइन शोषण जैसे अपराधों के बारे में जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि इंटरनेट पर छोटी-सी लापरवाही भी परेशानी का कारण बन सकती है। इसलिए अपनी निजी जानकारी, पासवर्ड और फोटो किसी अनजान व्यक्ति के साथ साझा नहीं करना चाहिए। संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने और अनजान लोगों की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करने से भी बचना चाहिए। बच्चों को समझाया गया कि यदि उन्हें कोई आपत्तिजनक संदेश मिलता है या कोई ऑनलाइन माध्यम से परेशान करता है, तो चुप रहने के बजाय तत्काल माता-पिता या शिक्षक को इसकी जानकारी दें। जरूरत पड़ने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, आपातकालीन सहायता नंबर 112 और साइबर वित्तीय धोखाधड़ी हेल्पलाइन 1930 पर संपर्क किया जा सकता है।

- निजी जानकारी, संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने दी जानकारी, जिले के आठ स्कूलों में लगाए जागरूकता शिविर



31 अक्टूबर तक चलेगा सघन अभियान

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के इस अभियान का शुभारंभ 10 अक्टूबर को किया गया था। इसका प्रथम चरण 26 से 31 अक्टूबर तक स्कूलों में सघन रूप से संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रतिनिधि, पैनल अधिवक्ता, चाइल्ड हेल्पलाइन टीम और अधिकार मित्र शामिल होकर बच्चों को उनके अधिकारों तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक कर रहे हैं। अभियान का उद्देश्य बच्चों को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित व्यवहार अपनाने और किसी भी तरह की ऑनलाइन परेशानी की स्थिति में समय पर सहायता लेने के लिए प्रेरित करना है।

सात संकुलों के संयुक्त आयोजन में शिक्षा के क्षेत्र में योगदान को किया याद

परपोड़ी जोन में सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान, दिवंगत साथियों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

परपोड़ी जोन के अंतर्गत हाई स्कूल पथरीकला में सात संकुलों के संयुक्त तत्वावधान में जोन स्तरीय शिक्षक सम्मान सह-विदाई समारोह आयोजित किया गया। समारोह में लंबे समय तक शिक्षा के क्षेत्र में सेवाएं देने वाले सेवानिवृत्त प्राचार्यों, व्याख्याताओं एवं प्रधान पाठकों का सम्मान कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। वहीं, दिवंगत शिक्षक साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके परिवारों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में संकुल केंद्र गाड़ाडीह, परपोड़ी, चेचानमेटा, भटगांव, रानो, पथरीकला एवं गोड़मर्रा के शिक्षक शामिल हुए। इस दौरान थानसिंह ठाकुर, श्रवण कुमार महोबिया, प्रताप दास मानिकपुरी, पूरन लाल डहरवाल एवं चिंताराम जंघेल सहित सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके दीर्घकालीन शैक्षणिक योगदान, कर्तव्यनिष्ठा और शिक्षा के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने शिक्षकों की सेवाओं को याद करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उनका अनुभव और समर्पण नई पीढ़ी के शिक्षकों के लिए प्रेरणास्रोत है।



दिवंगत शिक्षकों को किया याद, परिजनों का सम्मान

समारोह में स्वर्गीय सुखनंदन जंघेल, स्वर्गीय मनीष साहू एवं स्वर्गीय राकेश कुमार सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिक्षा जगत में उनके योगदान को स्मरण करते हुए उनके परिवारों, विशेषकर धर्मपत्नियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान दिवंगत साथियों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उनके योगदान और स्मृतियों को सहेजने का संदेश दिया गया।

शिक्षा अधिकारियों सहित जनप्रतिनिधि हुए शामिल

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, जिला मिशन समन्वयक (डीएमसी) नकुल प्रसाद पनागर, विकासखंड स्रोत समन्वयक (बीआरसी) खोमलाल साहू एवं संजय यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेदराम लोधी ने की। संरक्षक के रूप में संकुल प्राचार्य सीमा श्रीवास्तव, नरोत्तम दास मांडले, भगवान सिंह ठाकुर, द्वारिका वर्मा, सतीश शर्मा एवं अजय कुमार वर्मा मौजूद रहे।

समारोह के सफल आयोजन में संकुल समन्वयक (सीएसी) मन्नू लाल साहू, अजय सिंह ठाकुर, श्री राम साहू, कुंभ लाल वर्मा, तीर्थ कुमार साहू, राकेश कुमार देवांगन एवं राम कुमार पाल सहित क्षेत्र के शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। परपोड़ी जोन के पूर्व संकुल शैक्षिक समन्वयक सरोज यदु एवं राजेन्द्र कुमार रात्रे भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

